कार्यालय, आयुक्त उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन,
सतपुड़ा भवन, भोपाल–462004

क्रमांक 679/आउशि/शाखा–5अ/19 भोपाल, दिनांक: 15/10/2019

## संशोधित आदेश

प्रति,

1. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, भोपाल नर्मदापुरम संभाग, भोपाल।
2. कुलसचिव, समस्त विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश।
3. प्राचार्य शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय, भोपाल।
4. प्राचार्य शासकीय एम.एल.बी. कन्या स्वशासी महाविद्यालय, भोपाल।
5. प्राचार्य शासकीय सरोजनी नायडू कन्या पी.जी. स्वशासी महाविद्यालय, भोपाल।

विषय:– भारत रत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी की 75वीं वर्षगाँठ को "युवा संकल्प वर्ष" 2019–20 के राज्य स्तरीय आयोजन बाबत्।

संदर्भ:– इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 518/आउशि/शाखा–5/19 भोपाल, दिनांक 13.08.2019

पूर्व में जारी कार्यालय का पत्र क्रमांक 675/आउशि/19 भोपाल, दिनांक 14.10.2019 के द्वारा भारत रत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी की 75वीं वर्षगाँठ को "युवा संकल्प वर्ष" 2019–20 के राज्य स्तरीय आयोजन हेतु भोपाल नगर के तीन महाविद्यालयों को चिन्हांकित किया गया था।

2. शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महावि. भोपाल में दिनांक 19.10.2019 से 21.10.2019 तक अखिल भारतीय दर्शन परिषद का 64 वां अधिवेशन कार्यक्रम आयोजित होने से कार्यक्रम स्थल में आंशिक संशोधन करते हुये निम्नानुसार कार्यक्रम स्थल चिन्हांकित किये जाते हैं।

3. दिनांक 20 अक्टूबर 2019 से 23 फरवरी 2020 तक आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा

| क्र. | दिनांक/दिवस | आयोजित होने वाली गतिविधि | आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|
| 1. | 20 अक्टूबर 2019<br>राष्ट्रीय एकता दिवस | परिसंवाद प्रतियोगिता<br>विषय – लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण में पंचायती राज की भूमिका | शास. एम.एल.बी. कन्या महावि. भोपाल |
| 2. | 02 दिसम्बर 2019<br>अन्तर्राष्ट्रीय कम्प्यूटर साक्षरता दिवस | परिचर्चा प्रतियोगिता<br>विषय – राजीव गांधी का सपना : आई.टी–कम्प्यूटर में अग्रणी हो देश अपना | शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महावि. भोपाल |
| 3. | 23 फरवरी 2020<br>विश्व शांति दिवस | भाषण प्रतियोगिता<br>विषय – राजीव गांधी के सपनों का भारत | शासकीय सरोजनी नायडू कन्या पी.जी. महावि. भोपाल |

4. विश्वविद्यालयों में आयोजित संबंधित प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागी (प्रथम, द्वितीय, तृतीय) राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे। विजेता प्रतिभागियों के टी.ए/डी.ए. आदि की व्यवस्था संबंधित महाविद्यालय द्वारा वहन की जायेगी। विजेता प्रतिभागी के साथ महाविद्यालय से प्रभारी प्राध्यापक अनिवार्य रूप से भेजे जायेंगे।

5. राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने वाले विजेता प्रतिभागी तथा प्रभारी प्राध्यापक की आवासीय व्यवस्था आयोजक महाविद्यालय द्वारा की जायेगी।

....2

6. राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताओं के विजेता प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्रतिभागियों को प्रतियोगिता समाप्ति के पश्चात पुरस्कृत तथा सम्मानित किया जाये। राज्य स्तरीय आयोजन के दिवस, संबंधित विशेष दिवस होने पर, उपस्थित विद्यार्थियों को शपथ दिलाने के उपरांत प्रतिस्पर्धा का आयोजन आरंभ किया जाये।

7. "युवा संकल्प वर्ष" के राज्य स्तरीय आयोजन के समन्वयक का कार्य क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक भोपाल नर्मदापुरम संभाग भोपाल द्वारा सम्पादित किया जायेगा। अतः उपरोक्तानुसार आयोजन की कार्यवाही पूर्ण कर, की गई कार्यवाही की जानकारी इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का अनुरोध है।

<u>अपर आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित</u>

15/10/19

(डॉ. धीरेन्द्र शुक्ल)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

पृ.क्रमांक 680 / आउशि / शाखा–5'अ' / 19 भोपाल, दिनांकः 15 / 10 / 2019

प्रतिलिपिः–

1– विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, उच्च शिक्षा, मंत्रालय, मध्यप्रदेश, भोपाल।
2– निज सहायक, प्रमुख सचिव, मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल (म0प्र0)।
3– निज सहायक, आयुक्त, उच्च शिक्षा, भोपाल (म0प्र0)।
4– निज सहायक, कुलपति, समस्त, विश्वविद्यालय, (म0प्र0)।
5– प्राचार्य समस्त शासकीय अग्रणी महाविद्यालय म.प्र.।
6– वि0क0अ0 उच्च शिक्षा (आई.टी.), भोपाल विभागीय वैबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।
——की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश